हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 16 .8 डिग्री

11 अनाजमंडी में 15 से सरसों की सरकारी खरीद की तैयारी शुरू



12 बच्चों ने धूमधाम से मनाया होली का उत्सव



DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 20000/- प्रति वर्ग गज से शुरू
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
आप सभी के लिए
100 गज के प्लाट पर
सुनहरा अवसर
30% की छूट* लक्की ड्रा के तहत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### नांगल मूंदी बस अड्डे के पास से नया ट्रैक्टर ले गए चोर

**डहीना।** रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ मार्ग स्थित नांगल मूंदी बस अड्डे के पास से नया ट्रैक्टर चोरी हो गया। गांव बास बटौड़ी निवासी बिरेन्द्र ने डहीना चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मूंदी बस अड्डे के पास राहुल इंजीनियरिंग के नाम से वेल्डिंग की दुकान की हुई है। 12 मार्च को सुबह करीब 8 बजे उसका बेटा राहुल नया महिन्द्रा ट्रैक्टर गांव बास बटौड़ी निवासी बब्लू के घर से काम करने के लिए लाया था। उसके बाद ट्रैक्टर को दुकान पर छोड़कर अपने घर चला गया। जब बिरेन्द्र शाम 4 बजे दुकान पर आया तो ट्रैक्टर चोरी हो चुका था। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस पर कार्यक्रम 16 को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस के उपलक्ष्य में 16 मार्च को जीवन में उमंग व उल्लास का कार्यक्रम 'जाने सच्ची खुशियों का पासवर्ड' का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि अजय पाटोदा भाजपा जिला उपाध्यक्ष कार्यक्रम में मुख्यातिथि व पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार जलवा विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से शिक्षाविद राजेंद्र सिंह राजपाल चांदावास वाले, प्रदीप शर्मा खुशियों के ब्रांड एंबेसडर, समाजसेविका एडवोकेट मोनी सिंह व शिक्षण संस्थान के निदेशक यतीश सिंहल का अभिनंदन किया जाएगा।

### तीन गांवों में दस किसानों के टयूबवेल से केबल चोरी

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित तीन गांवों के ट्यूबवेलों से चोर 10 किसानों के सोलर सिस्टम से कॉपर की केबल चोरी कर ले गए। गांव फिदेड़ी निवासी धर्मसिंह ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 मार्च की रात चोर उनके खेत से सोलर सिस्टम की कॉपर की केबल चोरी कर ले गए। कोपर की केबल चोरी करके ले गया है। इसके अलावा गांव हासांका व बालियार खुर्द के खेत में बनी कोठड़ी से भी कॉपर की केबल चोरी हो गई। चोर रघुवीर गांव फिदेड़ी की 20 मीटर केबल, समय सिंह नंबरदार निवासी हासांका 50 मीटर केबल, नरेश कुमार निवासी हासांका की 100 मीटर केबल, प्रकाश निवासी हांसाका की 20 मीटर केबल, लक्की निवासी हासांका की 20 मीटर केबल, राजबीर निवासी बालियर खुर्द की केबल, ईश्वर सिंह निवासी हांसाका की 70 मीटर केबल, रायसिंह निवासी बालियर खुर्द की 15 मीटर केबल तथा सतबीर सिंह निवासी बालियर खुर्द की 20 मीटर केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### यादव कल्याण सभा फ्री हेल्थ जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 16 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को निःशुल्क ओपीडी सेवाएं व दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एसपी यादव मेडिसिन, डा. आत्मप्रकाश हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. मनीष ईएनटी व डा. सुमन यादव स्त्रीरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथरेपी में फ्री सेवाएं देने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

दुल्हेंडी पर्व पर सुरक्षा व शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

# महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ किया होलिका पूजन, संतान की मांगी दीर्घायु, आज होगा धमाल



रेवाड़ी। रामपुरा में होलिका पूजन के बाद सेल्फी लेते हुए महिलाएं।



रेवाड़ी। होलिका का दहन करते लोग। फोटो :हरिभूमि

■ हर गतिविधियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में वीरवार को होली का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। शहर की सभी कॉलोनियों व मोहल्लों सहित गांवों में महिलाओं ने होलिका का पूजन करके बच्चों की दीर्घायु मांगी। रात्रि को शुभ मुहुर्त पर होलिका का दहन किया गया। प्रातः से ही होलिका पूजन के लिए महिलाओं की काफी भीड रही। महिलाओं ने होलिका की विधिवत रुप से पूजा-अर्चना की और अपनी संतानों की दीर्घायु कर कामना भी की। महिलाओ ने पारंपरागत वेशभूषा में होलिका की परिक्रमा की। पूजन सामग्री में हरे चने व गेहूं की बालियां, कूकड़ी व बिड़कले चढाए गए। देर शाम शहर में सेक्टर एक, नई अनाजमंडी, कंपनी बाग, मॉडल टाउन व सेक्टरों सहित सभी मोहल्लों व कॉलोनियों में होलिका का दहन किया गया। महिलाओं ने होलिका का व्रत भी रखा और घरों में पकवान बनाए। बाजार में भी होली के पर्व पर रंग-गुलाल व पिचकारी से सजी दुकानों पर काफी भीड़ नजर आई। बच्चों व युवाओं ने दुल्हेंडी पर्व के लिए रंग-गुलाल व पिचकारियों की खूब खरीदारी की। दुल्हेंडी के पर्व मनाने को शहर के साथ धारूहेड़ा, कोसली, बावल व जाटूसाना क्षेत्रों में ग्रामीणों ने फाग खेलने की तैयारियां की हुई हैं। धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं भी सामूहिक रुप से होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े स्तर पर कर रही हैं।

### धारूहेड़ा में देर रात किया होली दहन

धारूहेड़ा के सोहना रोड पर महिलाओं ने वीरवार को उपवास रखकर होलिका का पूजन किया। महिलाओं ने होलिका की परिक्रमा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने बिड़कले, गुड़, कूकड़ी व और गेहूं की बाल से होली पूजन किया। लोगों ने रात शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन किया।

### आज पुलिस की रहेगी हुड़दंगियों पर नजर

दुल्हेंडी के दिन ग्रामीण इलाकों की बजाए शहर में ज्यादा दुल्हेंडी होता है। पर्व पर सुरक्षा व शांति बनाने रखने के लिए पुलिस ने शहर के विभिन्न चौक व चौराहों पर पुलिस तैनात किए है। एसपी डा. मयंक गुप्ता ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार पर लोगों को अपने सभी मनमुटाव दूर कर एक दूसरे के गले लगना चाहिए, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करते है, ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए पुलिस तैयार है।

### महिलाओं ने की होलिका माता की परिक्रमा

गांव नाहड़ में महिलाओं ने माता होलिका का पूजन कर आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने नाहड़ बस स्टैंड के समीप घोर में बनी होली पर बिड़कले, गुड़ और गेहूं की बाल से होली पूजन किया। महिला कलावती, कांता, चमेली, शारदा, सुमित्रा, संतरा, सुनीता व कुसुम ने बताया कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। महिलाओं ने होलिका माता की परिक्रमा कर परिवार की सुख-शांति की दुआ मांगी। गांव पीथड़ावास में सरपंच अनीता शर्मा ने होलिका पूजन कर ग्राम वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, उल्लास और भाईचारे का पवित्र पर्व है, हमे इसे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने ईर्ष्या और द्वेष को मिटाकर प्रेम और सद्भावना के साथ आगे बढ़ने की अपील की। इस अवसर पर भरपाई देवी पूर्व पंच, माया देवी, पूनम देवी, नीलम देवी, पूजा बाई, सपना देवी व संयोगिता सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी। रामपुरा में महिलाओं के लिए सेल्फी प्वाइंट भी लगाया गया। महिलाओं ने होली पूजन करके सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली।

## बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सीआईए कोसली ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी विनोद कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। नई आबादी रेवाड़ी निवासी सुरेन्द्र कुमार अरोड़ा ने गत 6 मार्च को अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया है। सीआईए कोसली पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।

## जुआ खेलने के आरोप में पांच आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** शहर थाना पुलिस ने रेलवे रोड स्थित होटल के पास स्थित पार्किंग से ताश के पत्तों से पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से ताश के पत्ते व जुए की राशि बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग रेलवे रोड स्थित होटल रेजीडेंसी के पास स्थित पार्किंग के पास ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां 5 लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया।

काबू किए गए आरोपियों में संजय निवासी नई बस्ती, अनूप निवासी मोहल्ला स्वामीवाड़ा, राजन निवासी मयूर विहार, मनोज निवासी मोहल्ला गुर्जरवाड़ा तथा नरेश कुमार निवासी नई बस्ती शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुए की 24900 रुपये राशि बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

## लुखी के डा. सुबोध को पीएचडी की उपाधि प्रोफेसर बनकर शोध करने का सपना



रेवाड़ी। दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करते हुए सुबोध यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

नाहड़ खंड के गांव लुखी निवासी सुबोध यादव को भौतिकी विषय में पीएचडी उपाधि से अलंकृत किया गया। शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहे डा. सुबोध ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से भौतिकी विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के भौतिकी विभाग से प्रायोगिक परमाणु भौतिक विषय में समीक्षित शोध पत्र और शोध कार्य लेख पूर्ण करने उपरांत पीएचडी की उपाधि हासिल की है। गत 12 मार्च को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के 72वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, राज्यपाल, हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्री तथा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेणु विग ने उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की। सुबोध ने बताया कि वे अपने दादा स्वतंत्रता सेनानी स्व. मेजर सुल्तान सिंह के आजादी आंदोलन में दिए गए योगदान, संघर्ष व साहस तथा अपनी दादी स्व.चांदकौर की प्रेरणा से आगे बढ़े है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सुभद्र पाल, माता सुषमा यादव व बड़े भाई एडवोकेट सौरभ यादव को दिया है। सुबोध का सपनो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति पाकर शिक्षा और शोध के क्षेत्र में और बेहतरीन कार्य करने का है। सुबोध की इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों व क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने खुशी जताई है।



## खबर संक्षेप

### युवती ने कुएं में छलांग लगाकर की आत्महत्या

**कोसली।** कारोली गांव में वीरवार को एक युवती ने गांव में स्थित कुएं में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना के बाद नाहड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तथा किशोरी के शव को ग्रामीणों की सहायता से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के अनुसार प्रातः घर में हुई कहासुनी के बाद किशोरी घर से निकल गई तथा कुएं में छलांग लगा दी। परिजनों ने मामले की सूचना नाहड़ पुलिस को दी। मृतक युवती प्रिया की मां की मौत भी कुछ साल पहले इसी कुएं में गिरने से हुई थी। लगभग 18 वर्ष की प्रिया अपने पिता व मौसी के पास रह रही थी। पुलिस ने मृतक युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### पुलिसकर्मी का हुआ अंतिम संस्कार

**कोसली।** चंडीगढ़ में अपनी ही कार में मृत पाई गई झाल गांव की बेटी तथा चंडीगढ़ पुलिस में कार्यरत सपना का वीरवार को गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। चंडीगढ़ पुलिस मृतका के शव को लेकर झाल पहुंची तथा परिजनों की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व पुलिस की टुकड़ी ने उनके शव को अंतिम सलामी दी। सपना के शव के साथ आए एसआई रोशनलाल, शिवकुमार तथा एएसआई फौज सिंह ने बताया कि लगभग 35 वर्षीय सपना का शव 11 मार्च को मनसा देवी मंदिर की पार्किंग में उन्हीं की कार में बरामद हुआ था। सपना झज्जर जिले के गोरिया गांव में विवाहित थी तथा सेना में कार्यरत अपने पति के साथ चंडीगढ़ में रहती थी। पुलिस सपना के पति को उसकी हत्या के संदेह में गिरफ्तार कर चुकी है। अंतिम संस्कार में नाहड़ पुलिस चौकी के प्रभारी संजय सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पुलिस ने छात्र का खोया मोबाइल तलाश कर सौंपा

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 पुलिस थाना धारूहेड़ा की ईआरवी नंबर 586 पर तैनात पुलिस टीम ने यूनिवर्सिटी के एक छात्र को न केवल समय पर मदद पहुंचाई बल्कि कई किलोमीटर तक बस का पीछा कर छात्र का गुम हुआ मोबाइल भी बरामद करके सुपुर्द किया। मूलरूप से राजस्थान के रहने वाला छात्र नितिन वीरवार को गुरुग्राम पचगांव स्थित यूनिवर्सिटी से बस में अपने घर पर जा रहा था।

## गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से

# अनाजमंडी में 15 से सरसों की सरकारी खरीद की तैयारी शुरू

### डीसी ने अधिकारियों को व्यवस्था के दिए निर्देश

- गेहूं एवं सरसों की खरीद के लिए रेवाड़ी, कोसली व बावल में खरीद केंद्र बनाए गए
- हैफेड, हरियाणा स्टेट वेयर हाउस व खाद आपूर्ति विभाग करेंगे फसलों की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में सरसों की ढेरी बनाता मजदूर तथा आढ़तियों के साथ चर्चा करते डीएमईओ व हैफेड डीएम। फोटो : हरिभूमि

नई अनाज मंडी में रबी की फसल सरसों की आवक बढ़ती जा रही है। अनाजमंडी में एक सप्ताह में करीब 3500 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। किसान जोर-शोर से सरसों की कटाई में लगे हुए है। किसानों को ओपन में 6 हजार प्रति क्विंटल तक भाव मिल रहे है।

सरकार की ओर से सरसों का एमएसपी 5950 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। प्रशासन की ओर खरीद एजेंसियों के माध्यम से सरसों की सरकारी खरीद को लेकर भी तैयारियां की जा रही है। जिले में 55 हजार से अधिक किसानों ने सरसों का मेरी फसल मेरा-ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। जिले में 15 मार्च से सरसों व एक अप्रैल से गेहूं की सकारी खरी की जाएगी। हैफेड, हरियाणा स्टेट वेयर हाउस व खाद आपूर्ति विभाग फसलों की खरीद करेंगे।

#### आढ़तियों के साथ खरीद को लेकर किया मंथन

रबी फसलों की खरीद के लिए वीरवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में डीएमईओ मार्केटिंग बोर्ड सत्य प्रकाश व डीएम हैफेड प्रवीण शर्मा ने आढ़तियों के साथ मंथन भी किया। सरसों खरीद के लिए नई अनाज मंडी या फिर बिठवाना मंडी में खरीद करने पर चर्चा की गई। रेवाड़ी में नैफेड व हैफेड सरसों की खरीद करेगा तथा बावल व कोसली में हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन की ओर से खरीद की जाएगी। बैठक में किसानों की खरीद बेहतर तरीके करने के लिए आढ़तियों से सुझाव भी लिए गए। दक्षिण हरियाणा में रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, भिवानी व चरखी दादरी में सरसों किसानों की मुख्य उपज है। दक्षिण हरियाणा में सरसों की उपज उच्च क्वालिटी की होती है। हैफेड डीएम ने पूरी खरीद प्रक्रिया समझाई और असली व नकली सरसों के बारे में भी बताया।



रेवाड़ी। फसल खरीद को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी।

#### सभी व्यवस्था समय रहते पूरी करें: डीसी

डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को फसल खरीद एजेंसियों से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को खरीद सीजन के दौरान मंडी में आने वाले किसानों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की हिदायत दी है। वीरवार को फसलों की सरकारी खरीद प्रबंध की वीसी के उपरांत डीसी ने अधिकारियों की बैठक ली। 15 मार्च से सरसों व 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद के लिए सभी व्यवस्था समय रहते पूरी की जाए। रबी फसल बिक्री के लिए मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। गेहूं एवं सरसों की खरीद के लिए रेवाड़ी, कोसली व बावल में खरीद केंद्र बनाए गए हैं। जिले में हैफेड, हरियाणा स्टेट वेयरहाउस व खाद आपूर्ति विभाग की ओर से निर्धारित मूल्य अनुसार फसल की खरीद की जाएगी। डीसी ने कहा कि मंडियों में पेयजल, शौचालय, छाया के लिए प्रबंध, तिरपाल, बारदाना, गेट पास व्यवस्था व लिफ्टिंग सहित सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए। उन्होंने वेयर हाउस में सीसीटीवी लगाने के निर्देश भी दिए। डीसी ने कहा कि नकली सरसों मिलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उप मंडल अधिकारियों को मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम रेवाड़ी सुरेंद्र सिंह, एसडीएम कोसली विजय यादव, एसडीएम बावल उदय सिंह, डीएफएसओ डा. अशोक कुमार रावत, डीएमईओ मार्केटिंग बोर्ड सत्य प्रकाश, डीएम वेयरहाउस रेखा मलिक, डीएम हैफेड प्रवीण शर्मा, एग्रीकल्चर एसडीओ दीपक यादव व सेक्रेटरी मार्केट कमेटी नरेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी व जानकारी देते डीएसपी श्योराण।

# सीआईए ने सुलझाई संजय हत्याकांड की गुत्थी

### शराब के नशे में साथी ने ही की थी हत्या

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गत वर्ष अक्टूबर माह में नांगल तेजू में हुई युवक संजय की हत्या की गुत्थी सीआईए ने सुलझा ली है। दोस्त ने ही शराब के नशे में मामूली विवाद के बाद संजय की पत्थर से सिर फोड़कर हत्या की थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है।

नांगल तेजू निवासी 35 वर्षीय संजय राजमिस्त्री का कार्य करता था। वह गत वर्ष 6 अक्टूबर को घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं पहुंचा। अगले दिन सुबह के समय संजय का शव नहर के पास एक मीट के खोखे के पीछे पड़ा हुआ मिला। बावल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू की थी। मृतक के सिर व चेहरे पर चोटों के निशान थे। शव की शिनाख्त के बाद पुलिस ने उसके भाई मुकेश कुमार के बयान पर हत्या का केस दर्ज किया था। एसपी मयंक गुप्ता ने मामले की जांच सीआईए रेवाड़ी को सौंपी थी। सीआईए ने जांच के बाद मूल रूप से झज्जर के बिरड़ निवासी यमन को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

#### कई बार हुई थी गांव की पंचायत

संजय हत्याकांड की जांच शुरू में बावल थाना पुलिस कर रही थी। कई दिनों तक गुत्थी नहीं सुझलने के कारण कई बार गांव की पंचायत एसपी से मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने जांच सीआईए को सौंपी थी। सीआईए को जांच के दौरान इस बात की जानकारी मिली थी कि नांगल उगरा में रहने वाला यमन संजय की हत्या के करीब एक सप्ताह बाद ही कंपनी से नौकरी छोड़कर कहीं चला गया था। इसके बाद वह कहीं और नौकरी करने लगा था। शराब का आदि होने के कारण उसे वहां से भी नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद वह फिर से नांगल उगरा में आ गया था। यहां आने के बाद सीआईए ने उससे पूछताछ की, तो उसने संजय की हत्या किए जाने की बात स्वीकार कर ली।

# डीएलएसए ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों को लेकर किया जागरूक

- बच्चे मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से दूर रहें : वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित वर्मा के मार्गदर्शन में पैनल एडवोकेट हरिसिंह, पैरा लीगल वॉलेंटियर बीडी अग्रवाल, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की ओर से एडवोकेट अमरजीत सिंह, जिला चाइल्ड प्रोटेक्शन विंग से प्रदीप यादव व विनीत कुमार ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिल्हड़ में बच्चों को उनके मौलिक अधिकार व कर्तव्यों के बारे जागरूक किया। पैनल एडवोकेट हरिसिंह ने बच्चों से मोबाइल के अधिक इस्तेमाल व नशा जैसी व्याधियों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि स्कूल या पड़ोस में कोई बच्चा दिव्यांग है तो उस के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें। उसकी हर संभव मदद करे। बच्चों को साइबर क्राइम, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, बाल मजदूरी, बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यदि आपको कोई भी नशा बेचता, मानव तस्करी करता या बाल मजदूरी करता मिले तो तुरंत इसकी सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पास कॉल करके दें। ऐसी सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस अवसर पर विद्यालय की सीनियर अध्यापिका सुषमा, अध्यापिका सुनीता, सुमन, नीलम, पूनम, डीपीई कृष्ण कुमार, ड्राइंग टीचर संदीप कुमार, कंप्यूटर टीचर इंद्रेश व क्लर्क सुनीता के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते एडवोकेट। फोटो : हरिभूमि

# रंगों का पर्व होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकः धर्मबीर

- अभिराज सांस्कृतिक संस्था ने होली मिलन समारोह मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भाड़ावास गेट स्थित अभिराज सांस्कृतिक संस्था की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। रिटायर्ड डीईओ धर्मवीर बल्ड़ोदिया व समाजसेवी ईश्वरी प्रसाद ने मां सरस्वती व कान्हा जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर होली कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व डीईओ ने कहा कि होली भारतीयों का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो वसंत ऋतु में मनाया जाता है।

रंगों का होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। संस्था के निदेशक अभिषेक सैनी व मुख्य सलाहकार राजेश भगत ने कहा कि सभी सदस्यों को सद्भावना बनाने और आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर शालू सैनी, निशा, पायल, प्रिया सैनी, दिव्या सैनी, राहुल, मुकुल व भारत कुमार उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# पीएनबी पेंशनर्स एवं रिटायरिज एसोसिएशन ने मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन जिला यूनिट की बैठक वीरवार को पीएनबी अग्रणी बैंक कार्यालय अनाज मंडी में जीत सिंह टाइगर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एनएस तंवर जिला सचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए होली पर कविता पेश की। बैठक का आयोजन होली मिलन कार्यक्रम के रूप में किया गया। बैठक में पेंशनर्स के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पेंशन अपडेशन, कंयुटेशन तथा पीएनबी हास्पिटेलाइजेशन विषयों पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर एसोसिएशन में शामिल हुए नए सदस्य विजय पाल सिंह सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक का अभिनंदन किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर होली पर्व मनाया।





रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को भौतिकी की गतिविधियों की दी जानकारी

**नाहड़।** शहीद जीतराम राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ में मार्गदर्शन एवं निगरानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय कॉलेज नाहड़ के भौतिकी के असिस्टेंट प्रोफेसर महेश कुमार ने कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों को वायुमंडलीय दाब, घर्षण बल व गुरुत्वाकर्षण बल से संबंधित गतिविधियां कराई। विद्यार्थियों ने गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता उगेश यादव, सुमन लता, प्रमोद कुमार, नरेंद्र कुमार, यशवीर, संजय कुमार व मोहित कुमार उपस्थित थे।

### लोक जन सेवा मंच ने मनाया होली मिलन समारोह

**रेवाड़ी।** लोक जन सेवा मंच की ओर से हरिओम अग्रसेन लैब में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंच के प्रधान रमेश मुद्गिल ने सभी को केमिकल युक्त रंग, पानी व्यर्थ न करने व शराब का सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया। सभी सदस्यों ने आपस में चंदन तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी व पुष्प वर्षा करके होली मनाई। वरिष्ठ नागरिकों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया और सभी से शांति व प्रेम भाईचारे से होली मनाने की अपील की गई। मुख्य अतिथि परशुराम शिक्षा समिति के प्रधान सत्य प्रकाश गौतम थे व मच संचालन नरेंद्र जोशी ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी दुलीचंद धमीजा को संरक्षक व दयाराम आर्य को सह संरक्षक बनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीके रामसिंह, नरेंद्र जोशी, लक्ष्मी नारायण, रामकिशोर, पुरुषोत्तम कौशिक, रविंद्र मुदगिल, किशन कुमार, महेंद्र कुमार, लक्ष्मी नारायण आर्य, महेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, तेजवान कुकरेजा, हरिशंकर शर्मा, खुशीराम शमा, एमपी शर्मा व नरेंद्र रोहिल्ला मौजूद थे।

# होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाताः सैनी




**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन राजेंद्र सैनी, निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी, हेमंत सैनी व जनरल सेक्रेटरी जयश्री सैनी ने किया। मंच संचालन शिक्षिका कोपल ने किया। प्री. प्राइमरी कक्षाओं की शिक्षिकाओं ने नृत्य पेश कर सभी का मन मोहा। इस अवसर पर शिक्षिका पूजा राजपूत व कोच कुनाल के साथ अन्य शिक्षकों ने भी शानदार प्रस्तुति दी। स्कूल निदेशक नवीन सैनी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाता है। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं का सम्मान करना भी सिखाता है। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को पौधा देकर सम्मानित किया।

# गांव रोहड़ाई व मस्तापुर में ग्रामीणों को दी कानूनी सेवाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा के निर्देशन में जिले में चलाई जा रही मोबाइल जागरूकता वैन के माध्यम से ग्रामवासियों को विभिन्न कानूनी सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। एडवोकेट पूनम शर्मा व पैरा लीगल वॉलेंटियर रमेश वशिष्ठ ने गांव रोहड़ाई व गांव मस्तापुर में ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों व निःशुल्क सेवाओं की जानकारी दी। पैरा लीगल वॉलेंटियर वशिष्ठ ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की वैन एक माह के लिए जिले में कानूनी जागरूकता अभियान का हिस्सा बनी हुई है, जिसमें सभी गांवों को कवर किया जा रहा है। आगामी दिनों में गांव फिदेड़ी, मंढैया कलां, प्राणपुरा, नांगल तेजू, कोनसीवास, खिजूरी, आराम नगर, धारण, नारायणपुर, ठोठवाल, ढोकिया, नैनसुखपुरा, बीकानेर, गोकलगढ़, रामपुरा, जाटूवास, भांडोर, बधराना, लिसाना, गंगायचा अहीर, बोड़यि कमालपुर, बेरली खुर्द, तुर्कियावास, मीरपुर, मसानी, जोनावास, हांसाका, माजरा श्योराज, नारायणपुर, हुसैनपुर, बूढ़पुर, कालूवास, जैतपुर, खलीलपुरी, बिठवाना व ढालियावास में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में आमजन को मुफ्त कानूनी सहायता, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, शिक्षा का हक-नई राह नई पहचान, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव व इसकी रोकथाम के उपायों की जानकारी दी जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 तथा टोल फ्री नंबर 15100 पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता ले सकते हैं। इस अवसर एडवोकेट बंटी यादव च गांव के सरपंच सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को कानूनी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। होली के गीतों पर डांस करते हुए व्यापारी।

### व्यापार संगठन ने तिलक होली खेलकर दिया पानी बचाने का संदेश

**रेवाड़ी।** मोती चौक व्यापार संगठन की ओर से वीरवार को उमंग व उल्लास के होली का पर्व मनाया गया। व्यापारियों ने एक-दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर समाज को होली पर पानी बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संगठन के प्रधान पुरुषोत्तम दास कोसली वाले ने सभी व्यापारियों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ये त्योहार आपसी गिले-शिकवे भुलाकर सभी से भाईचारा बढ़ाने का है। सभी ने पुष्प वर्षा कर आपस में शुभकामनाएं दी तथा होली के पारंपरिक गीतों पर नृत्य भी किया। इस अवसर पर सभी ने पानी बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपप्रधान विजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी दिनेश कपूर, अनिल अरनेजा, रत्नेश बंसल, रमेश मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, दीपक रूस्तगी, अशोक अरोड़ा, बजाजा बाजार के प्रधान दीपेश भार्गव, आर्य समाज रोड के प्रधान जितेन्द्र अग्रवाल, पारुल डाटा आदि लोग मौजूद रहे।

# होली पर जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर प्राचार्य मनोज कुमार ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली भाईचारे का पवित्र त्योहार है। कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों से हर्बल गुलाल का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाजार में बिकने वाले रसायन युक्त गुलाल से विभिन्न प्रकार के चर्मरोग होने का खतरा रहता है। उन्होंने होली के अवसर पर जल संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए भविष्य में आने वाले जल संकट से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जल प्रकृति की एक अनमोल धरोहर है, हमे इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर अध्यापक रविंद्र कुमार सैनी, मुकेश कुमार, नरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, मंजूलता, हरिता शर्मा, पूनम देवी व प्रिया देवी उपस्थित थी।



रेवाड़ी। स्कूल में होली पर्व मनाते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। कर्मचारी कॉलोनी में होलिका का पूजन करती महिलाएं।

### महिलाओं ने होलिका पूजन कर मांगी परिवार की सुख-समृद्धि

**रेवाड़ी।** राजकीय कर्मचारी कॉलोनी में वीरवार को महिलाओं ने होलिका पूजन कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। जन चेतना संस्था की प्रधान अनिता यादव ने बताया कि होलिका एक राक्षसी होते हुए भी होलिका दहन से पूर्व भगत पहलाद के साथ उसका पूजन किया जाता है। महिलाओं ने परंपरागत तरीके से होलिका का पूजन किया। महिलाओं ने गोबर से बने बिडकलों की माला, नारियल, कूकड़ी व हल्दी की गांठ से पूजन किया। महिलाओं ने होलिका लोकगीत व होली के रसिया गीत गाते हुए होलिका की परिक्रमा की और भक्त प्रहलाद को याद किया। महिलाओं ने होलिका मईया को अर्ध्य भी दिया तथा देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को रंग-गुलाल लगाया। इस अवसर पर सरोज यादव, अनिता, सरिता, सुरेखा, रोशनी, किरोशता, ममता, सोनू, माया, चंचल व मुकेश यादव सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

# बच्चों ने धूमधाम से मनाया होली का उत्सव

**रेवाड़ी।** विकास इंटरनेशनल स्कूल में होली पर्व का धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। छात्र- छात्राओं ने होली पर आधारित विभिन्न गानों पर नृत्य प्रस्तुति दी। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। स्कूल के चेयरमैन देवेंद्र यादव व प्राचार्य भीम सिंह यादव ने बच्चों से होली पर पानी व्यथ न करने की अपील की और केमिकल युक्त रंगों से बचने की सलाह दी।




रेवाड़ी। शिक्षकों को गुलाल लगाते हुए बच्चे।




## डिवाइडर तोड़कर ट्रक ने युवक को मारी टक्कर, मौत

- अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम
- पुलिस ने मृतक के शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा में द्वारकाधीश सोसायटी के सामने साधन का इंतजार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोटों के कारण युवक की मौत हो गई। अरावली हाईटस द्वारकाधीश सोसायटी धारूहेड़ा निवासी कृष्णा प्रसाद शर्मा ने सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट कंपनी जैक्वार भिवाड़ी में नौकरी करता है। 11 मार्च की शाम को वह अपने भतीजे प्रशांत भट्ट को दवा दिलाने के लिए गया था। जब वे दोनों शाम करीब 6:45 बजे द्वारकाधीश सोसायटी के सामने ठेके के पास पहुंचे हो उसका भतीजा साधन के इंतजार फुटपाथ पर खड़ा हो गया तथा वह पास में रेहड़ी से पानी लेने चला गया, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर पर लगी रेलिंग को तोड़ते हुए उसके भतीजे को टक्कर करने के बाद कुछ दूरी पर साइड में खड़े एक ट्रक में जा घुसा। दुर्घटना के बाद पुलिस भी मौके पर आ गई। उसने पुलिस की मदद से अपने भतीजे को इलाज के लिए रेवाड़ी के निती अस्पताल में भती कराया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।







